राज्यपाल सचिवालय
राज भवन, जयपुर

# उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री श्री मुलायम सिंह यादव के निधन पर राज्यपाल ने व्यक्त की संवेदना

जयपुर, 10 अक्टूबर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री मुलायम सिंह यादव के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि स्व. मुलायम सिंह यादव से उनका निकट का नाता रहा है और उनका निधन भारतीय राजनीति के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने शोक संतप्त परिवार को यह असीम दुख सहन करने की शक्ति देने और पुण्यात्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

-----